श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 152, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

Akhand Bharat Sandesh

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार, 7 जनवरी, 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# मऊ के ब्लॉक प्रमुख पति अजीत सिंह की गोली मारकर की हत्या

## उ0प्र0: लखनऊ में गोलियों की तड़तड़ाहट, गैंगवार में पूर्व MLA सीपू सिंह की हत्या के गवाह अजीत को भूना, दो घायल

**लखनऊ के विभूतिखंड में कठौता पुलिस चौकी के सामने हुई वारदात। बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी का करीबी था मऊ निवासी अजीत सिंह। आजमगढ़ के पूर्व विधायक सीपू सिंह की हत्या में था गवाह। मृतक अजीत सिंह पर दर्ज हैं 18 मुकदमें जिसमें पांच हत्या के।**

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार रात आजमगढ़ के पूर्व विधायक सीपू सिंह हत्याकांड के गवाह अजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। चार दिन बाद विधायक हत्याकांड में इसकी गवाही होनी थी। ऐसे में पुलिस मामले को गैंगवार से जोड़कर देख रही है। मृतक अजीत मऊ के गोहना मोहम्मदाबाद ब्लॉक प्रमुख का प्रतिनिधि भी था। गोलीबार में अजीत का साथी मोहर सिंह और वहां से गुजर रहे ग्वारी गांव निवासी डिलिवरी ब्वॉय प्रकाश को गोली लगी, जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर के मुताबिक, हमलावर अजीत के परिचित थे। दोनों तरफ से गोलियां चली हैं। लगभग 25-30 राउंड फायरिंग हुई है। मृतक अजीत पर करीब 18 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम हमलावरों की तलाश कर रही है।

### बीच सड़क गैंगवार में गई अजीत की जान

मामला विभूतिखंड में कठौता पुलिस चौकी के सामने कठौता चौराहे के पास का है। यहां काली स्कॉर्पियो गाड़ी से अजीत सिंह अपने साथी मोहर सिंह के साथ पहुंचे थे।




दोनों गाड़ी से उतरकर थोड़ी दूर चले ही थे कि दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ उनपर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। जवाब में अजीत ने भी फायरिंग की। इस दौरान अजीत के सिर में गोली लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मोहर सिंह और प्रकाश के पैर में गोली लगी और दोनों लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। अजीत मूलरूप से मोहना मोहम्मदाबाद, मऊ के रहने वाले थे और आजमगढ़ में हुई पूर्व विधायक सीपू सिंह की हत्या में गवाह थे। मोहर भी गोहना का रहने वाला है और अक्सर अजीत के साथ ही रहता था। मृतक अजीत बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के करीबी थे।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि अजीत पर हत्या के पांच मुकदमे दर्ज हैं। अजीत के खिलाफ मऊ पुलिस ने 30 दिसंबर को जिलाबदर की कार्रवाई कराई थी। वह यहां गोमतीनगर विस्तार स्थित एक अपार्टमेंट में रह रहा था। अजीत ने अपनी एक करीबी महिला मनभावती देवी को गोहना मोहम्मदाबाद से ब्लॉक प्रमुख बनवाया था। पूर्व में अजीत की पत्नी रानू सिंह भी ब्लॉक प्रमुख रही हैं।

### 25 से 30 राउंड चली गोलियां

गैंगवार में करीब 25 से 30 राउंड गोलियां चलीं। गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाका गूंज उठा। चौराहे पर भगदड़ मच गई और दुकानदार दुकानें बंद कर भागने लगे। सीसी फुटेज में पुलिस को तीन बदमाश बाइक से भागते दिखे हैं। हालांकि, बदमाशों की संख्या चार थी। पुलिस आयुक्त का कहना है कि अभी तक तीन बदमाशों के वारदात को अंजाम देने की पुष्टि हुई है। आसपास के अन्य सीसी कैमरे जांचे जा रहे हैं। जल्द ही वारदात का राजफाश कर दिया जाएगा।

### मृतक आजमगढ़ में पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू हत्याकांड का गवाह

बताया जा रहा है कि मृतक अजीत सिंह आजमगढ़ में पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू हत्याकांड में गवाह थे। बता दें, 19 जुलाई 2013 को बसपा विधायक सर्वेश कुमार सिंह सीपू की हत्या उनके जीयनपुर आवास के सामने कर दी गयी थी। उनके करीबी भरत राय की भी फायरिंग में मौत हो गई थी। इस मामले में जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के छपरा गांव निवासी कुख्यात अपराधी व पूर्व प्रमुख ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सहित 13 लोगों के खिलाफ जीयनपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जेल में निरुद्ध कुख्यात कुंटू सिंह प्रदेश के टाप-10 अपराधी में शामिल है। 20 दिसंबर 2020 को अपराधियों पर नकेल कसने को चलाए जा रहे अभियान के तहत जीयनपुर पुलिस ने बसपा के पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू हत्याकांड के आरोपित ग्राम प्रधान, बीडीसी समेत तीन लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई थी।

## आज से देश के 41 बड़े शहरों में कोरोना वैक्सीन पहुंचाने के लिए 100 से ज्यादा फ्लाइट चलेंगी

**नवीन यादव, इंदौर।** कोरोना वैक्सीन के परिवहन को लेकर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) की कार्गो लॉजिस्टिक एंड एलाइड सर्विस कंपनी ने व्यापक तैयारी कर ली है। गुरुवार से देश के 41 शहरों में दो करोड़ कोरोना वैक्सीन की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इसके लिए 100 से अधिक उड़ानें चलेंगी। पूरी योजना इस तरह से बनाई गई है कि पुणे से निकलने के 24 घंटे के भीतर वैक्सीन लोगों को लगा दी जाए। कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के. सेल्वा कुमार ने बुधवार को बताया कि सात और आठ जनवरी तक देश में कोरोना वैक्सीन का परिवहन किया जाएगा। दो करोड़ डोज देश के 41 बड़े शहरों तक पहुंचाने के लिए 100 से ज्यादा कार्गो फ्लाइट चलाई जाएंगी। मध्य प्रदेश में वैक्सीन के कुल नौ लाख डोज आएंगे। एक फ्लाइट में 1800 किलो वजन की वैक्सीन आएगी। आठ जनवरी को इसके प्रदेश आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। के. सेल्वा कुमार इंदौर एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल कार्गो सेंटर के शुभारंभ के मौके पर बुधवार को यहां आए थे। सेल्वा कुमार ने कहा कि फ्लाइट कोरोना वैक्सीन लेकर बड़े शहरों में पहुंचेगी। वहां से टीकाकरण केंद्रों तक इसे कोल्ड स्टोरेज ट्रक में पहुंचाया जाएगा। पहले चरण में वैक्सीन के वितरण को लेकर ऐसी योजना बनाई गई है जिससे यह ज्यादा से ज्यादा स्थानों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि हमारी उड़ानें कन्याकुमारी से कश्मीर तक देश के किसी भी हिस्से में अधिकतम चार घंटे में पहुंच जाएगी। ऐसे में इसके वितरण में कोई परेशानी नहीं आएगी। हमने अलग-अलग शहरों के जिला प्रशासन से बात की है, वो वैक्सीन को ले जाने के लिए कोल्ड स्टोरेज वाले ट्रकों का इस्तेमाल करेंगे। सेल्वा कुमार के अनुसार वैक्सीन वितरण की योजना में स्वास्थ्य विभाग और एयरलाइंस के अधिकारी भी शामिल हैं। विमान के एयरपोर्ट पर उतरने के बाद केवल सात मिनट में इसे लाकर ट्रकों में रखा जाएगा। इसके बाद इसे वितरण केंद्र में पहुंचाया जाएगा। वहां इसे फ्रिज में रखा जाएगा।

## भारी बर्फबारी के चलते देश-दुनिया से कटा कश्मीर का संपर्क, सीआरपीएफ अधिकारी समेत दो की मौत

**पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और बारिश आफत बन कर गिर रही है। इसमें सबसे अधिक प्रभावित जम्मू-कश्मीर है। लगातार चौथे दिन भी कश्मीर का शेष दुनिया से हवाई और सड़क संपर्क कटा रहा। कश्मीर में सड़कों पर भारी बर्फ पड़ी है इससे यातायात ठप है।**

**जागरण टीम, नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और बारिश आफत बन कर गिर रही है। इसमें सबसे अधिक प्रभावित जम्मू-कश्मीर है। बुधवार को लगातार चौथे दिन भी कश्मीर का शेष दुनिया से हवाई और सड़क संपर्क कटा रहा। वहीं मकान गिरने से सीआरपीएफ के एक अधिकारी समेत दो लोगों की मौत हो गई। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग गुरुवार को भी बंद रहेगा। इस पर कई जगह भूस्खलन हुआ है। कश्मीर के विभिन्न जिलों में 200 से अधिक सड़कों पर भारी बर्फ पड़ी है। इससे यातायात ठप है।

हिमपात से कश्मीर में ही सौ से अधिक मकानों को नुकसान पहुंचा है। बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। कश्मीर समेत जम्मू संभाग के पर्वतीय इलाकों में भारी हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। कश्मीर में बर्फबारी का सिलसिला दोपहर को थम गया था।

श्रीनगर के हजरतबल इलाके में पूर्व विधायक मोहम्मद सईद आखून के घर की छत गिरने से सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर एचसी मुर्मू की मौत हो गई। बंगाल के मुर्मू सीआरपीएफ की 115 बटालियन के जवान थे और पूर्व विधायक की सुरक्षा में तैनात थे। कुपवाड़ा जिले में त्रेगाम इलाके के शाह मोहल्ला में घर की छत गिरने से 70 वर्षीय रहीमा बेगम की दबकर मौत गई। आपदा प्रबंधन विभाग की टीमों ने



कुलगाम जिले में बर्फ में फंसे 30 परिवारों को सुरक्षित निकाल लिया है। जिले के कुंड क्षेत्र में ये परिवार सात फीट बर्फ गिरने से अपने घरों में ही बंद हो गए थे। इस इलाके में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में जहां तड़के झमाझम बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त रहा तो पहाड़ों में भारी हिमपात ने दुश्वारियां बढ़ाई। उत्तरकाशी और चमोली के करीब चार दर्जन गांवों में बिजली आपूर्ति ठप रही। कई गांवों का संपर्क भी कट गया है। गंगोत्री हाईवे धराली के पास हिमखंड आने से छह घंटे बाधित रहा। उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भारी हिमपात हुआ है।

बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और हेमकुंड के साथ ही रुद्रप्रयाग के चोपता, उत्तरकाशी जिले के हर्षिल, चमोली के औली में एक से डेढ़ फीट तक बर्फ की चादर बिछ गई है। बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री भी बर्फ से लकदक हैं।

हिमाचल प्रदेश में बर्फ के दीदार के लिए मंगलवार को सोलंगनाला गए करीब 1500 पर्यटकों को रात वाहनों में ही काटनी पड़ी। रातभर रेस्क्यू अभियान चलता रहा, लेकिन बर्फबारी और पर्यटक वाहनों की संख्या ज्यादा होने के कारण लंबा जाम लग गया। पुलिस कर्मचारी रातभर वाहनों को निकालने में जुटे रहे। बुधवार दोपहर तक पर्यटक वाहनों को मनाली पहुंचाने का कार्य जारी रहा। कुछ पर्यटक जो टैक्सी में गए थे वे तो आधी रात तक मनाली पहुंच गए, लेकिन अधिकतर पर्यटक अपनी गाड़ियां छोड़ने को तैयार नहीं थे। दो सौ से अधिक पर्यटक वाहन सोलंगनाला से पलचान के बीच फंसे रहे। पर्यटकों ने रात गाड़ी में ही बिताई।

## कोरोना वैक्सीन के लिए कई देशों को भारत से उम्मीद, पाकिस्तान ने भी किया संपर्क ?

**पैरासीटामोल और हाइड्रोक्सी क्लोरोक्विन (एचसीक्यू) दवा की तरह दुनिया के कई देश अब भारत से कोरोना वैक्सीन लेने की उम्मीद कर रहे हैं। कई देशों ने तो सरकारी स्तर पर भारत सरकार से संपर्क भी साधना शुरू कर दिया है।**

**नई दिल्ली, राजीव कुमार।** कोरोना से जारी वैश्विक जंग में वैक्सीन के स्तर पर भी भारत की भूमिका महत्वपूर्ण होने जा रही है। पैरासीटामोल और हाइड्रोक्सी क्लोरोक्विन (एचसीक्यू) दवा की तरह दुनिया के कई देश अब भारत से कोरोना वैक्सीन लेने की उम्मीद कर रहे हैं। कई देशों ने तो सरकारी स्तर पर भारत सरकार से संपर्क भी साधना शुरू कर दिया है। भारत में वैक्सीन लगने की औपचारिक शुरूआत के माह भर के भीतर भारत सरकार वैक्सीन निर्यात की इजाजत दे सकती है। फिलहाल यह निर्यात सरकारी स्तर पर होगा। भारत सरकार के कहने पर वैक्सीन बनाने वाली कंपनियां तय मात्रा में दूसरे देशों को वैक्सीन की आपूर्ति करेंगी।

कोरोना से जंग में भारत की तरफ से 50 से अधिक देशों को पैरासीटामोल, एचसीक्यू व अन्य दवाइयों की आपूर्ति की गई। वैक्सीन आपूर्ति के मामले में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की तरफ से दुनिया में अग्रणी भूमिका निभाने की बात कह चुके हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक, ब्राजील




व मैक्सिको जैसे देशों से भारत में निर्मित कोरोना वैक्सीन को लेकर पूछताछ की गई है। कई अन्य देश भारत में औपचारिक तौर पर वैक्सीन लगने की शुरूआत का इंतजार कर रहे हैं। बांग्लादेश पहले से ही भारतीय वैक्सीन का इंतजार कर रहा है।

फार्मा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के अध्यक्ष दिनेश दुआ ने बताया कि वैक्सीन निर्यात को लेकर सरकार के स्तर पर काउंसिल से पूछताछ की गई है। उन्होंने बताया कि मैक्सिको से भी वैक्सीन को लेकर लगातार फोन आ रहे हैं। वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों से संपर्क के लिए आधिकारिक जानकारी मांगी जा रही है। मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक देश में वैक्सीन लगने की औपचारिक शुरूआत के बाद भारत के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने वाले देशों में निर्यात की इजाजत दी जा सकती है। लेकिन आरंभ के महीनों में सरकार की निगरानी में ही सीमित रूप से वैक्सीन का निर्यात किया जा सकेगा।

वैक्सीन सिर्फ उन्हीं देशों को भेजी जाएंगी, जिनके लिए सरकार की तरफ से मंजूरी होगी। सूत्रों के मुताबिक वैक्सीन लगने के शुरूआती महीनों में देश में ही अधिकतर वैक्सीन की खपत हो जाएगी। दूसरी महत्वपूर्ण बात है कि आरंभ में निर्यात की खुली इजाजत मिलने से वैक्सीन की कमी की आशंका बनी रहेगी। हालांकि गत मंगलवार को स्वास्थ्य सचिव ने वैक्सीन के निर्यात पर किसी प्रकार के प्रतिबंध नहीं होने की बात कही थी।

सूत्रों के मुताबिक कोरोना वैक्सीन को लेकर पाकिस्तान भी भारतीय फार्मा जगत से संपर्क की कोशिश में हैं। नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर फार्मा उद्यमी ने बताया कि पाकिस्तानी फार्मा उद्यमी यह चाह रहे हैं कि दुबई तक वैक्सीन पहुंचा दी जाए, फिर वे खुद ही दुबई से पाकिस्तान ले जाने का इंतजाम कर लेंगे। फार्मा उद्यमी ने बताया कि इस प्रकार से कई दवाओं की सप्लाई पाकिस्तान में होती है।

## प्रवासी पक्षियों के साथ देश में वापस लौटा बर्ड फ्लू, केंद्र ने जारी किए सख्त दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली, एएनआइ।** देश में फैल रहे बर्ड फ्लू का मुख्य कारण केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रवासी पक्षियों को बताया है। उनका कहना है कि बर्ड फ्लू को लेकर केंद्र ने राज्य को एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि प्रवासी पक्षियों के साथ भारत में वायरस लौट आया है। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू के मामले पूरी दुनिया में पाए जा सकते हैं। भारत को सितंबर में बर्ड फ्लू से मुक्त घोषित किया गया था। फिर अक्टूबर में, हमने एक एडवाइजरी जारी की थी जिसमें कहा गया था कि ठंड आ रही है इसलिए सतर्क रहने की जरूरत है। गिरिराज सिंह ने न्यूज एजेंसी एएनआइ को बताया, 'ऐसे इलाकों से मामले सामने आ रहे हैं, जहां प्रवासी पक्षी आते हैं और वे देश में वायरस लाने का कारण हैं।' उन्होंने बताया कि बीमारी के ज्यादातर मामले केरल में पाए जाते हैं, जहां इसके चलते 25,000 बत्तखों की मौत हो चुकी है। मंत्री ने कहा, 'सरकार इसे लेकर काफी अलर्ट है। सभी राज्यों के नमूने भोपाल भेजे जा रहे हैं। चिंता की कोई बात नहीं है। सरकार उन किसानों को मुआवजा भी देगी जिनकी मुर्गियों की बर्ड फ्लू के कारण मौत हो गई है।' उन्होंने कहा कि पके हुए भोजन के माध्यम से वायरस नहीं फैल सकता है और आज तक, भारत में एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस से मनुष्य के संक्रमित होने का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। वहीं, इससे पहले, एवियन इन्फ्लुएंजा (एआई) वायरस के मनुष्यों और अन्य पालतू जानवरों एवं पक्षियों में फैलने की संभावना को देखते हुए, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देशित किया था कि वे बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए सभी संभव कदम उठाएं।

## पाक से ट्रेनिंग लेकर भारत बांग्लादेश से अफगानिस्तान पहुंचे 130 अलकायदा आतंकी, खुफिया एजेंसियों ने किया आगाह

**नई दिल्ली, आइएएनएस।** खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने सरकार को चेताया है कि भारत और बांग्लादेश (क्ल्र्ली ल्र्ली इंल्ल्ॅ'ीरॅ) से करीब 130 अलकायदा आतंकी पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान से प्रशिक्षण लेकर अफगानिस्तान में संगठित आतंकी हमले करने पहुंच गए हैं। सुरक्षा एजेंसियां अब भारत के उन लोगों की पहचान करने में जुटी हैं जो कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अलकायदा (अ'-दीं) के नेटवर्क से जुड़ गए हैं।

खुफिया एजेंसियों का यह भी कहना है कि अलकायदा के यह 130 प्रशिक्षित आतंकी हक्कानी नेटवर्क से मिलकर पूरे तालमेल के साथ अफगान-पाक क्षेत्र में आतंकी हमले कर सकते हैं। हक्कानी नेटवर्क अफगानिस्तानी आतंकी संगठन है।



इसके अलकायदा और तालिबान से भी संबंध बताए जाते हैं।

भारत और बांग्लादेश से पाकिस्तान लाए गए इन 130 अलकायदा आतंकियों को 30 अक्टूबर को उत्तरी वजीरिस्तान के मिरनशाह में आतंकवाद का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया है। इसके बाद इन सभी आतंकियों को खोस्त, पकतिया, पकतिका, कुनार, लोगर, नूरिस्तान और काबुल प्रांतों पर घातक हमला करने के लिए भेजा जाएगा।

पिछले साल संयुक्त राष्ट्र कि एक रिपोर्ट में कहा गया कि 150 से 200 अलकायदा आतंकी भारतीय उपमहाद्वीप में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और म्यांमार से हैं। अपनी 26वीं रिपोर्ट में कहा कि 400 से 600 अलकायदा लड़ाके अफगानिस्तान में हैं। अफगानिस्तान के निरमुज, हेलमंद और कांधार में यह वही जगहें हैं जहां उन्होंने तालिबानी देखरेख में काम किया है। इस वक्त अलकायदा के भारतीय उपमहाद्वीप का प्रमुख ओसामा महमूद है। इसे आसिम उमर के मारे जाने के बाद सरगना बनाया गया था।

## औरंगाबाद नामांतरण के मुद्दे पर शिवसेना-कांग्रेस में टकराव बढ़ा

**औरंगाबाद का नाम छत्रपति संभाजी नगर रखने के मुद्दे पर कांग्रेस और शिवसेना में टकराव बढ़ता दिखाई दे रहा है। कांग्रेस को मुख्यमंत्री कार्यालय का एकतरफा निर्णय रास नहीं आया। इस मुद्दे पर कांग्रेस एवं शिवसेना के बीच विवाद भविष्य में और गहरा सकता है।**

**मुंबई, राज्य ब्यूरो।** औरंगाबाद का नाम छत्रपति संभाजी नगर रखने के मुद्दे पर कांग्रेस और शिवसेना में टकराव बढ़ता दिखाई दे रहा है। बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक ट्वीट में औरंगाबाद का उल्लेख संभाजी नगर के रूप में किए जाने के बाद महाराष्ट्र सरकार में राजस्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बालासाहब थोरात ने एक के बाद एक तीन ट्वीट कर नसीहत दे डाली कि नाम बदलना सरकार का एजेंडा नहीं है। सरकार का कामकाज न्यूनतम साझा कार्यक्रम के अनुसार ही चलना चाहिए।

आज यह विवाद मंत्रिमंडल की साप्ताहिक बैठक के बाद चालू हुआ। मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर सभी निर्णयों की जानकारी सार्वजनिक की। इनमें एक निर्णय औरंगाबाद से संबंधित भी था। मराठी में जारी इस ट्वीट में लिखा गया कि, मंत्रिमंडल की बैठक में संभाजी नगर (औरंगाबाद) के सरकारी अस्पताल एवं मेडिकल कालेज में 165 बिस्तर




बढ़ाने एवं 365 नए पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है। ट्वीटर में यह संदेश जिस पोस्टर पर लिखा गया है, उस पोस्टर में सबसे ऊपर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार एवं राजस्व मंत्री बालासाहब थोरात के चित्र लगाए गए हैं। इसके अलावा एक बड़ा चित्र आरोग्य शिक्षा मंत्री अमित देशमुख का भी लगाया गया है। अमित देशमुख राज्य सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्री हैं। यह ट्वीट जारी होने के तुरंत बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सरकार में नंबर तीन के मंत्री बालासाहब थोरात ने लगातार तीन ट्वीट करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को नसीहत दे डाली। उन्होंने लिखा कि सूचना महानिदेशालय का काम नाम बदलना नहीं है। सरकार का कामकाज दस्तावेजों के आधार पर ही चलना चाहिए। उन्होंने आगे लिखा कि शहरों के नाम बदलना उस महाविकास आघाड़ी सरकार का एजेंडा नहीं है, जो न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर चल रही है। छत्रपति संभाजी महाराज का हम भी सम्मान करते हैं। उनके नाम पर हमें राजनीति नहीं करनी चाहिए। हमें औरंगाबाद के विकास के लिए काम करना चाहिए। बता दें कि सूचना महानिदेशालय फिलहाल मुख्यमंत्री के ही अधीन काम कर रहा है, और इस विभाग की राज्यमंत्री राकांपा कोटे की अदिति ठाकरे हैं।

बता दें कि छत्रपति संभाजी महाराज महाराष्ट्र में देवतुल्य माने जानेवाले महापुरुष छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र हैं। मुगल बादशाह औरंगजेब द्वारा उनकी निर्मम हत्या के बाद औरंगाबाद का नामकरण हुआ था। शिवसेना लंबे समय से इस नाम को बदलने का प्रयास करती आ रही है। पिछले कई दिनों से इस मुद्दे पर विवाद भी चल रहा है। इसी प्रयास के तहत आज सरकारी संवाद में भी संभाजी नगर लिखा गया, लेकिन कांग्रेस को मुख्यमंत्री कार्यालय का यह एकतरफा निर्णय रास नहीं आया। माना जा रहा है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस एवं शिवसेना के बीच विवाद भविष्य में और गहरा सकता है।

## संक्षेप समाचार

### किन्नरों की परिस्थिति पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन

**प्रयागराज।** बी०ओ०सी० वर्कर फेडरेशन ऑफ इण्डिया एवं समर्पित ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में किन्नरों की स्थिति एवं परिस्थिति पर एक राज्य स्तरीय रिपोर्ट / पुस्तक का विमोचन समारोह श्रम मंत्रालय, केन्द्रीय सदन ( निकट बिग बाजार) सिविल लाइन्स, प्रयागराज में 02:30 बजे आज आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से चन्द्र देव झ कल्याण आयुक्त , श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, ई० रविन्द्र यादव- अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत सरकार, राजनाथ यादव झ इडउ बोर्ड , सुश्री रुची मंजरी सिंह झ सोशल एक्टिविस्ट, गोविन्द सक्सेना- अधिवक्ता उच्च न्यायलय आदि उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक जतिन कुमार व उप संयोजक पायल सिंह ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दिया।

### हसीन मुस्ताक एमडीआरटी का लक्ष्य प्राप्त कर अमेरिका क्लब में जाने का मिला अवसर

**मऊआइमा।** भीरतीय जीवन निगम के अभिकर्ता हसीन मुस्ताक एमडीआरटी का लक्ष्य प्राप्त कर अमेरिका के क्लब में जगह बनाई है। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासी हसीन मुस्ताक विश्व की बीमा कंपनी क्लब क्वालिफाई कर मिलियन डॉलर राउंड टेबल एम डी आर टी की लक्ष्य प्राप्त की है । जिसका वार्षिक सम्मेलन अमेरिका के किसी बडे शहर में आयोजित होता है। जिसमें हसीन मुस्ताक को जाने का अवसर प्राप्त हुआ है ।.हसीन मुस्ताक ने अभिकर्ता कार्य दिसम्बर में ही हासिल कर लिया। इस महान उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए वह अपना प्रेणा श्रोत सौलत उमर एस बी ए के मार्ग दर्शन से प्राप्त किया है। हसीन मुस्ताक के एम डी आर टी का लक्ष्य प्राप्त कर अमेरिका क्लब में जगह बनाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। तथा उन्हें क्षेत्र के लोगो से ढेर सारी बधाइयां मिल रही है।

### यात्रा से पहले पोर्टल व 139 पर लें ट्रेनों की जानकारी

**प्रयागराज।** प्रयागराज समेत उत्तर मध्य रेलवे से गुजरने वाली लगभग सभी यात्री ट्रेनों का समय बदला गया है। ऐसे में यात्रा से पहले यात्री रेलवे की वेबसाइट, राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 139 पर डायल कर ट्रेनों के समय की जानकारी ले सकते हैं। पोर्टल के अतिरिक्त रेल मदद मोबाइल एप पर भी ट्रेनों की जानकारी ली जा सकती है। यह एप गूगल के प्लेस्टोर से डाउनलोड होगा। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि यात्रियों को आरक्षण के दौरान अपना सही मोबाइल नंबर देना चाहिए ताकि ट्रेनों की सूचना मिल सके। उनके मुताबिक माल ढुलाई के लिए भी पोर्टल व 139 नंबर से जानकारी ली जा सकती है।

# पाईप लदे खड़े ट्रेलर में भिड़ा ट्रक, चपेट में आकर सिपाही की मौत

**मार्निंग वाक पर निकला था सिपाही, पुलिस लाइन में थी तैनाती, घूरपुर थाना आवास में रहता था**


हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंची एंबुलेंस व जुटी लोगों की भीड़ व इनसेट में मृत सिपाही की फाइल फोटो

**घूरपुर।** क्षेत्र के सेमरा कल्बना गांव के सामने हाईवे पर कोहरे के धुंध में पाईप लदे खड़े ट्रेलर में पीछे से ट्रक भिड़ गया। जिसमें मार्निंग वाक पर निकला सिपाही चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां कुछ ही देर बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दुर्घटना में ट्रक के चालक खलासी बाल-बाल बच गए।

जनपद गाजीपुर के थाना दिलदार नगर के गांव फुल्ली निवासी अभिमन्यु सिंह यादव (37) की एक वर्ष पूर्व घूरपुर थाना में सिपाही पद पर तैनाती थी। 4 फरवरी वर्ष 2020 को पुलिस लाइन प्रयागराज में ट्रांसफर हो गया था। लेकिन वह घूरपुर थाना के आवास में रहकर ही पुलिस लाइन आया जाया करते थे। बुधवार की सुबह रोजाना की तरह वह मार्निंग वाक पर निकले और जैसे ही सेमरा कल्बना गांव के सामने हाईवे पर पहुंचे कि पूर्व में पाईप से लदा खड़े ट्रेलर के आगे पहुंचे ही थे कि कोहरे की धुंध में रीवा की तरफ जा रहा तेज रफ्तार ट्रक सड़क पर खड़े ट्रेलर के पीछे जा भिड़ा जिससे ट्रेलर आगे की तरफ बढ़ गया और सिपाही को टक्कर मार दिया। सिपाही सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे इलाज के लिए एसआरएन ले गए जहां पर गंभीर हालत देख उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर कुछ ही देर बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे पुलिस कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर परिजन भी रोते बिलखते अस्पताल में पहुंचे। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि ट्रक चालक भी जख्मी हो गया था और ट्रक छोड़ मौके से भाग निकला।

### हाईवे पर अनायास खड़े वाहनों ने एक और ले ली जिंदगी

क्षेत्र के रीवा हाईवे पर अनायास घंटो खड़े वाहन दुर्घटनाओं का सबब बनी हुई है। अब तक कई राहगीरों और वाहनों की भिड़ने के दौरान जान जा चुकी है। और जब कोहरे की धुंध हो तो ऐसे में दुर्घटनाओ में इजाफा होना स्वाभाविक है। बुधवार की सुबह हुआ भी यही। कोहरे की धुंध में रीवा की तरफ जा रहा ट्रक खड़े ट्रेलर में भिड़ गया जिससे आगे जा रहे सिपाही की चपेट में आने से मौत हो गई। स्थानीय लोग बताते हैं कि यदि ट्रेलर खड़ा ना होता तो सिपाही की मौत ना होती। इसी तरह दो माह पूर्व भी घूरपुर में हाईवे पर खड़े वाहनों के चलते दो छात्राओं को जान गवानी पड़ी थी। बावजूद स्थानीय प्रशासन इस ओर कोई पहल नहीं कर रही है।

## दो भाईयों की दिल्ली में बाइक डंपर की आमने-सामने टक्कर में मौत


मृतकों की फाइल फोटो

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत रघईपुर महरछा, जंघई गाँव के निवासी शुभम तिवारी पुत्र स्व. दिनेश तिवारी, लवकुश तिवारी पुत्र स्व. अशोक तिवारी अपने परिजनों के संग दिल्ली के स्वरुप नगर में रहते थे।शुभम लवकुश के पिता दिनेश, अशोक दोनों सगे भाई थी दोनों की मौत पहले हो चुकी है एवं शुभम की माँ का भी निधन हो चुका है। शुभम अपने चाचा के लड़के लवकुश को लेकर अपाची बाइक से उत्तम नगर अपनी बहन के घर मिलने जा रहा था।स्वरूप नगर से कुछ दूर ही गया होगा कि सामने से तेज रफ्तार मे आ रही डंपर और बाइक में आमने सामने टक्कर हो गई।शुभम जो कि बाइक चला रहा था कि मौके पर ही मौत हो गई और लवकुश को इलाज के लिए ले जाया गया जहाँ उसकी भी मौत हो गई। पुलिस की सूचना पर परिजन पहुंचे और परिवार को जानकारी हुई तो दिल्ली एवं गाँव मे दोनों की मौत पर कोहराम मच गया।शुभम के माता पिता का निधन बीस वर्ष पूर्व हो चुका है जबकि लवकुश के पिता का निधन दो वर्ष पूर्व हुआ था।क्षेत्र में दो अविवाहित नौजवानों की मौत से शोक की लहर है जो भी दुर्घटना सुन रहा है स्तब्ध एवं दुखी है।

## नशे से बढ़ते अपराधों में वृद्धि से बढ़ रही हैं चोरियां

**उरुवा।** मेजा क्षेत्र में नशे से युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है नशे की पूर्ति के लिए युवा पहले अपने घर में चोरी करते हैं फिर बाहर मोटरसाइकिल चोरी, छिनैती जैसे संगीन अपराध करते हैं।

बता दें की चोरी की घटनाओं मे मोबाइल, पैसे की छिनैती राह चलते लोगों का मोबाइल छीन लेना आम बात हो गई, बीते दिनों मे दीपक यादव से भढ़ेवरा मे नकाबपोश बदमाशों ने मोबाइल, पैसा छीना था, जगेपुर के सामने ट्रक से जबरजस्ती पैसा मागना न मिलने पर जक उठा ले जाना हप्ते भर पहले बिसहिजन खुर्द से रात मे गावों मे लगे सोलर लाइट की बैटरी गायब हो जाना बहुँत सी वारदाते हुई है ये सब मे कही न कही नशे की भूमिका लगती है नशे को पूरा करने के लिए युवा हर अपराध कर रहे हैं। सरकार को इस तरफ धयान देना चाहिए छेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है की यदि पुलिस चाहे तो बड़े से बड़े अपराध को रोक सकती तो एसी क्या बात है की स्मैक जैसे खरनाक नशे को बंद कराने में विफल है सूत्रों की माने तो मान्डा, दिघिया में स्मैक बिक रहा है दबी जबान से नाम न बताने की शर्त पर लोगो का ये भी कहना है की पुलिस को सुबिधा शुल्क देकर नशे का कारोबार किया जा रहा।


शोलर लाइट से बैट्री चोरी

# हुक्काबार में पुलिस का छापा, दस गिरफ्तार

**नैनी क्षेत्र में चोरी से संचालित हो रहा था हुक्काबार, छापेमारी में बरामद उपकरणों को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया**

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र स्थित चक हीरानंद मोहल्ले में चोरी से संचालित हुक्काबार में पुलिस ने बुधवार को छापेमारी की कार्रवाई करते हुए दस लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिए।

जानकारी के मुताबिक आईपीएस मनीष कुमार शंडियाल को बुधवार को जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि नैनी कोतवाली क्षेत्र के चक हीरानंद मोहल्ले में चोरी से हुक्काबार को संचालित किया जा रहा है। सटीक सूचना मिलते ही आईपीएस मनीष कुमार शंडियाल के नेतृत्व में डिप्टी एसपी शुभम् तोदी, नैनी इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह व एसएसआई राम आशीष यादव सहित औद्योगिक क्षेत्र व नैनी कोतवाली की संयुक्त पुलिस उक्त स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी करते हुए अंदर से बंद शटर को कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया गया, तो वहां कई लोग हुक्काबार का सेवन करते हुए मिले। जिस पर पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार कर नैनी कोतवाली उठा लाए। साथ ही बरामद उपकरणों को भी कब्जे में ले लिया। आईपीएस मनीष कुमार शंडियाल ने बताया हुक्काबार संचालित सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए लोगों में चक हीरानंद निवासी श्रीकांत, पीएसी कॉलोनी निवासी सचिन सिंह, चक इमाम अली निवासी नवीन गुप्ता, नंदन तालाब निवासी देवेंद्र मिश्रा, अरैल निवासी अनूप मिश्रा व सत्यम यादव, पीडीए कॉलोनी निवासी सुमित, देवरख निवासी रितेश कुमार, कर्मा निवासी सुशांत व हनी केसरवानी शामिल हैं। जिनके खिलाफ नैनी कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 20 से 29/ 21 तक, धारा 188, 269 व 270 भारतीय दंड संहिता वैश्विक महामारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया गया।




छापेमारी के दौरान बरामद उपकरणों को अपने कब्जे में लेती पुलिस व पकड़े गये लोग

## लूट के जेवरात व देशी बम के साथ लुटेरे गिरफ्तार


घूरपुर थाने में पकड़े गए लुटेरे

**घूरपुर।** स्थानीय पुलिस ने लूट के भारी मात्रा में आभूषण व बम के साथ चार शातिरों को पकड़ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है ।

घूरपुर एसओ भुवनेश कुमार चौबे व गौहनिया चौकी प्रभारी शिव प्रताप सिंह बुधवार की भोर इलाके में संदिग्धों की जांच कर रहे थे।इसी बीच चार संदिग्ध दिखाई दिए जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो सभी भागने लगे। पुलिस टीम ने सभी भाग रहे चारों संदिग्धों को घेरकर पकड़ लिया और घूरपुर थाने ले आकर उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास 47 पायल, चांदी की कटोरी, गिलास, चैन, मंगलसूत्र, लॉकेट, कड़ा, हाथ पंजा, ब्रेसलेट आदि कई प्रकार के जेवरात व 21 जिंदा देशी बम बरामद हुए । पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के नाम दिनेश कुमार, मनीष, सीमात्रि, धौलिया निवासी गण सेमराकलबना थाना घूरपुर बताया है। सभी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## पुरातन सुजावन देव मंदिर का संरक्षण जरूरी : मुकेश द्विवेदी

**करमा।** सुजावन देव मंदिर ऐतिहासिक, पर्यटन एवम धार्मिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं काफी वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों से लोग इस मंदिर पर मनोकामना की पूर्ति एवम इसकी सुंदरता को देखनें के लिए आते हैं किन्तु दुर्भाग्य की बात हैं विगत दस वर्षों में उक्त मंदिर की सही से देखरेख न करनें कारण मंदिर कें आसपास की सुंदरता काफी प्रभावित हुई हैं जिसपर सभी लोगों ध्यान देनें एवम इसके संरक्षण की अति आवश्यकता हैं उक्त बातें युवा समाजसेवी मुकेश द्विवेदी नें सुजावन देव मंदिर एवम यमुना बचाओं अभियान का शुभारंभ करतें हुए क्षेत्र कें विभिन्न गणमान्य लोगों कों सम्मानित करनें कें दौरान प्रमुख वक्ता के रूप में बोल रहें थे आगे श्री द्विवेदी नें यह भी जानकारी प्रदान करतें हुए बोलें कि उक्त मंदिर यमुना नदी कें जल धाराओं कें बीच में स्थित थी विगत दस वर्ष पूर्व यहाँ तक आने कें लिए लोगों कों नाव का सहारा लेना पड़ता था इसके साथ ही यह पुरातत्व विभाग की ओर से संरक्षित प्राचीन मंदिर हैं । हिन्दी फिल्मों सहित अनेकों टीवी सीरियल की शूटिंग यही हुई हैं आगे श्री द्विवेदी ने 'युवाओं कों राजनीति में अवसर' देनें की महत्ता नामक विषय पर बोलते हुए कहा कि देश कों सामाजिक, आर्थिक दृष्टि से विकसित करनें के लिए युवाओं कों राजनीति में अवश्य आना चाहिए क्योंकि जब युवा वर्ष अपने क्षेत्रों में प्रतिनिधि निर्वाचित होकर कार्य करेंगें तों बेशक समाज एवम राष्ट्र का बहुतायत विकास होगा इस अवसर पर श्री द्विवेदी नें उपस्थित सभी लोगों कों सुजावन मंदिर की प्रतिमा एवम अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित भी किये । उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## आवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसलें हो रही चौपट


गेहूं की फसल चरता आवारा पशुओं का झुण्ड

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के किसानों द्वारा परिश्रम व लागत से तैयार आलू, सरसों, चना, मटर एवं गेहूँ की छोटी छोटी फसलों तथा सब्जियों को नीलगायों एवं आवारा पशुओं द्वारा रौदनें, तोड़ने व चबाने के कारण खेतिहर किसान हैरान व परेशान है किसानों की फसलें परिश्रम लागत इन आवारा जानवरों द्वारा चौपट कर दी जा रही है जिससे ग्रामीणों को रात दिन रखवाली करनी पड़ती है इसके बावजूद नीलगाय व खुले पशुओं के झुंड द्वारा फसलों को रौंद दिया जाता है जिससे किसान मायूस एवं दुखी होकर रात दिन अपने खेत की रखवाली कर रहे है। क्षेत्र के पिलखिनी, झारी, जंघई भुलेन, चौका, पतवां, पतैंया, जलालपुर, नेदुला, रस्तीपुर, बजती, राचनपुर, बघेड़ी, सरजूपट्टी, चंपापुर, चनेथू, महरछा, हरिपुरपट्टी, अनुवां, भेलखा, वारी, बरियावां, सरायममरेज, मड़वा, सिरसा आदि गावों मे नीलगाय का आतंक किसानों के सिर चढ़कर बोल रहा है। किसान अपनी लागत परिश्रम अपने आँखों के सामने बर्बाद होता देख दुखी लाचार एवं विवश है।

### कलश यात्रा संग श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ

**शंकरगढ़।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं संगीतमय भागवत कथा के प्रथम दिवस सर्वेश्वर हनुमान मंदिर नारीबारी से भव्य १०८ कलश यात्रा घोड़े,रथ एवं विभिन्न प्रकार के झांकियों के साथ निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों नर-नारी नाचते, गाते व भक्ति रस में गोता लगाते हए निकले। यह कथा 5 जनवरी से 12 जनवरी तक आचार्य पंडित अभिषेक कृष्णम् के मुखारबिंदो द्धारा सुनाई जाएगी। भागवत कथा महात्म के प्रथम दिन भागवत धर्म व भक्ति महारानी के पुत्र ज्ञान वैराग्य का देवर्षि नारद मुनि जी व सनकादि जी के द्धारा पुष्ट होना व भक्ति के विषय में विस्तार से भक्तों को सुनाई गई। नित्य सुबह बेदी पूजन एवं हवन के साथ दोपहर 3 बजे से कथा का आयोजन निरंतर 11 जनवरी तक चलेगा व 12 जनवरी को विशाल हवन व भंडारा होगा। सहायक आचार्य पंडित आध्या कांत व यजमान बाबा बैद्यनाथ,आरबी सिंह,

## सामूहिक विवाह एवं श्रमिक महोत्सव की तैयारी

**कोरांव।** मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट के सोजन्य से इस साल जनवरी फरवरी माह के मध्य गरीब, मजदूर शर्म कार्ड धारकों की बेटियों की सामूहिक विवाह कार्यक्रम में तकरीबन 151 जोड़ों की शादियाँ कराई जाएंगी। वर वधुओं के आवेदन मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट कार्यालय कोरांव देवघाट तिराहे पर जमा किये जा रहे हैं। जिससे कि आवेदन फर्मों को कार्यक्रम से पहले कागज तैयार करके अधिकारी स्तर से जांच पड़ताल पूर्ण कराई जा सके। अन्यथा क्योत पूर्ण होने पर आवेदन नहीं लिए जायेंगें।

उक्त कार्यक्रम में जिनकी शादियां इस साल करने का मन बनाया है उन्हें चाहिए कि समयान्तर्गत फॉर्म ट्रस्ट कार्यालय में जमा कर सके। साथ जी ऐसी भी बेटियां जिनके मां बाप न हो या दोनों मे से एक हों, सम्पन्न न हों उनकी भी बेटियों की शादी हम यानी ट्रस्ट की ओर से की जाएगी। जिससे दहेज रूपी दानव लोगों को कष्ट न पहुंचा सके। संस्थापक शहजादे पत्रकार ने बताया कि जिनके बेटियों के मां बाप में से किसी एक का श्रमिक कार्ड श्रम विभाग से बना हो, वे लोग अपने वर-वधुओं की आधार और पढ़े हैं तो अंक पत्र अथवा परिवार रजिस्टर नकल, श्रम कार्ड धारक का बैंक पास बुक आधार और परिवार रजिस्टर की नकल वर वधु और आवेदक की एक फोटो कार्यालय मिस्कीन सेवा संस्थान कोरांव या देवघाट तिराहे पर स्थित कार्यालय में जमा कर सकते हैं। ताकि समय से श्रम विभाग के द्वारा जांच पड़ताल हो सके और एक स्थान एक समय तिथि पर आयोजन गरीबों की सहूलियतों के मुताबिक विभाग द्वारा पुत्री विवाह अनुदान योजना का लाभ उठा सकें।

### बस की टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के भीरपुर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी के अंतर्गत भीरपुर स्थित मिर्जापुर प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस की टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की मौके पर हुई मौत। कौंधियारा थाना क्षेत्र के आमा गांव निवासी राममूर्ति प्रजापति अपनी पत्नी राजकुमारी को बैठाकर मेजा की ओर से आ रहे थे अभी वह भीरपुर पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे ही थे कि उसी बीच पीछे की ओर से आ रही तेज रफ्तार सरकारी बस अनियंत्रित होकर बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे राजकुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुए इस हादसे से पति बाल बाल बच गया लेकिन पत्नी की मौत से वह बदहवास हो गया किसी तरह लोगो ने उसे संभाला।

## तिरंगा लेकर जुलूस निकाल थाने पर किया प्रदर्शन




घूरपुर थाने पर तिरंगा लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगो से बातचीत करते एसओ घूरपुर व घूरपुर बाजार में तिरंगा के साथ जुलुस निकाल नारेबाजी करते हुए

**घूरपुर।** क्षेत्र के एक गांव में हुए युवती से छेड़खानी व मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज परिजनो ने राष्ट्रीय ध्वज लेकर घूरपुर में नारेबाजी करते थाना पर प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की।

क्षेत्र के एक गांव निवासी का आरोप है कि 1 जनवरी की रात्रि को गांव का एक दबंग युवक घर में घुस बहन का हाथ पकड़ घसीट छेड़खानी करने लगा। चीख पुकार सुन घर की महिलाएं बचाने दौड़ी तो उन्हें भी लात घूसो से मारा पीटा और धमकी देते चला गया। उसके थोड़ी ही देर बाद दर्जनों लोगो ने घर पर धावा बोल हमला कर घर की महिलाओं को मारपीटा जिसमें एक गर्भवती महिला की पिटाई से गर्भपात हो गया। शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया। जिससे परिजन दबंगो के डर से घर में कैद है। इसी से नाराज परिजन दर्जनों लोगों को साथ बुधवार के दिन राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को लेकर घूरपुर बाजार में नारेबाजी करते जुलूस निकाल थाने पर पहुंच प्रदर्शन करने लगे।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### वर्ष 2022 में भारी बहुमत से सपा करेंगी सत्ता में वापसी : सुरेंद्र केशरवानी

**करमा।** समाजवादी पार्टी के व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष सोमवार को पार्टी के मुखिया एवम पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समझ शपथ ग्रहण किये तत्पश्चात जनपद में आने पर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर श्री केसरवानी को माल्यार्पण करके स्वागत किया गया इस अवसर पर सुरेंद्र केशरवानी नें कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करतें हुए बोले कि सपा 2022 में भारी बहुमत के साथ प्रदेश में सत्ता पर काबिज होनें जा रहीं हैं आगे उन्होने यह भी कहा कि सपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी हैं जिसमें व्यापारी, छात्र, नौजवान, किसानों सहित सर्वसमाज का हित हैं साथ ही पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव असंख्य युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं इस अवसर पर श्री केशरवानी पार्टी के अनेकों नीतियों की प्रशंसा करतें हुए बोले कि सपा के शासन काल में व्यापक पैमाने पर वितरित किया गया लैपटॉप से आज भी बच्चों को रोजगार एवम आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रहीं हैं । इस अवसर पर श्री केशरवानी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी एवम राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण जी को अपने आदर्श एवम प्रेरणास्त्रोत के रूप रूप में स्वीकार किये।

## मा0 मंत्री ने किया किसान मेला/गोष्ठी/प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारम्भ

**प्रयागराज।** जनपद में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत बुधवार को 07 ब्लाकों में किसान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विभाग के साथ-साथ उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई, लघु सिंचाई, नेडा, विद्युत ग्राम विकास, पंचायतीराज, वन, बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि विभागों के द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु स्टॉल लगाये गये थे, जिसमें आयोजित कृषि मेले एवं कृषि प्रदर्शनी में किसान कल्याण से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता गोष्ठी के साथ-साथ उक्त क्षेत्र में किसानों के कल्याण से जुड़े सभी कार्यक्रमों के बारे में न केवल जानकारी दी गयी, बल्कि योजनाओं के अन्तर्गत लाभाथिंयों का चयन करते हुए लाभाथिंयों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध भी करायी गयी।

प्राथमिक विद्यालय भवगतपुर में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत किसान मेला/गोष्ठी/प्रदर्शनी कार्यक्रम का मा0 मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने फीता



किसान मेला/गोष्ठी व प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ करते मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह

काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। किसान मेले के आयोजन के अवसर पर फूलपुर विकास खण्ड में मा0 विधायक प्रवीण पटेल, होलागढ़ विकास खण्ड क्षेत्र में मा0 विधायक फाफामऊ विक्रमाजीत मौर्य, सोरांव विकास खण्ड में मा0 विधायक यमुना प्रसाद सरोज, कोरांव विकास खण्ड क्षेत्र में मा0 विधायक कोरांव राजमणि कोल, शंकरगढ़ विकास खण्ड क्षेत्र में मा0 विधायक बारा अजय भारती एवं माण्डा विकास खण्ड क्षेत्र में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह की उपस्थिति किसान मेले का आयोजन सम्पन्न हुआ।

भगवतपुर प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किसान मेला/गोष्ठी में मा0 मंत्री सिद्धार्थ सिंह जी ने मेले/प्रदर्शनी में लगे स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान की उन्नति में ही देश की प्रगति है। उन्होंने कहा कि किसान सीधे मंडी में अपनी फसल की उपज को बेच सकता है। उन्होंने कहा कि मंडी में लगने वाला शुल्क ढाई प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया है इससे



किसानों को संबोधित करते मा0 मंत्री

किसानों को फायदा होगा। अभी तक किसान मंडी के अंदर नहीं जा पाता था और अपनी मेहनत की कमाई का पूरा लाभ नहीं प्राप्त कर पाता था। उन्होंने कहा कि उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत गरीब महिलाओं को फ्री गैस कनेक्शन और चूल्हा दिया गया। मा0 मंत्री जी ने कहा हर क्षेत्र में लोग व्यापार के लिए ऑनलाइन खरीददारी कर सकते हैं, तो किसान क्यों नहीं ऑनलाइन कर सकता, किसान ऑनलाइन बेच और खरीद नहीं सकता। मा0 प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि किसान ही देश का अन्नदाता है किसान खुशहाल होगा तो राष्ट्र भी खुशहाल होगा। मा0 प्रधानमंत्री जी ने किसानों को समृद्धशाली बनाने का प्रयास किया है। मा0 मंत्री जी ने कहा कि प्रयागराज कृषि क्षेत्र में अव्वल है। उन्होंने कहा कि विधानसभा शहर पश्चिमी में एक भी एफपीओ नहीं है अगले 1 माह के अंदर एसपीओ का गठन हो जाएगा छोटे एवं 1 एकड़ से कम भूमि के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा नहीं कराता उसको सिर्फ एसपीओ के माध्यम से ही उपज का सही लाभ और बीमा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि एफपीओ से जुड़े हुए किसानों को ट्रैक्टर अनुदान में मिलता है पहले नहीं मिलता था। राइस मिल के लिए किसानों को नहीं जाना पड़ेगा अभी हमने राइस मल्टी क्रॉप थ्रेसर देखा है जो आप अपने घरों में ही चावल तैयार कर सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार ने किसानों को सरकार की योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया। अपर निदेशक कृषि विनोद कुमार ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा और सम्मान हेतु कृषि विभाग कार्यरत है। उन्होंने जनपद में किसानों को मिलने वाले सभी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पहले प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना के अंतर्गत ब्रह्मदेव, वीरेंद्र कुमार, अमरेंद्र सिंह, अशर्फी लाल को दो-दो हजार का डमी चेक, अनिल कुमार को मल्टीक्रॉप थ्रेसर, त्रिभुवन सिंह को रोटावेटर, ज्ञान सिंह और शहनूर बानो को सीडड्रिल तथा जरीब अहमद को रीपर कंबाइंडर प्रदान किया गया साथ ही महिला समूह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## आइजी रेंज प्रयागराज और एसएसपी ने बसना पुल का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** चौड़ीकरण के दौरान फाफामऊ का बसना पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद से यातायात में अवरोध के बीच रोज जाम की समस्या बनी है। प्रयागराज से लखनऊ और प्रतापगढ़ व सुल्तानपुर की तरफ जाने वाले वाहनों को जाम में फंसना पड़ रहा है। इस बीच बसना पुल से आवागमन पूरी तरह बंद किया जा चुका है। अब शहर की ओर से जाने वाले वाहनों को फाफामऊ के बेला कछार के अस्थायी तौर पर तैयार किए जा रहे मार्ग से गुजारा जा रहा है। साथ ही लखनऊ, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर की तरफ से आने वाली गाड़ियों को फाफामऊ बाजार से आगे भेजा जा रहा है ताकि जब तक पुल नहीं बन जाता है जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़े।

अगले करीब डेढ़ महीने तक बसना पुल से यातायात पूरी तरह से बंद कर दिए जाने से



बसना पुल का निरीक्षण करते आइजी रेंज प्रयागराज व एसएसपी

प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, सुल्तानपुर के बीच आवागमन की समस्या पैदा हो गई है। फाफामऊ बाजार में दिन भर जाम लगा रहता है। बुधवार को आइजी रेंज केपी सिंह तथा एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी भी एसपी सिटी दिनेश सिंह और ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आसपास निरीक्षण के बाद कहा कि बेला कछार पर अस्थायी मार्ग को तेजी से तैयार किया जाए। वहां से छोटे वाहन तो गुजरने लगे हैं मगर ट्रक और बस जैसे भारी वाहनों को नहीं गुजारा जा रहा है।

इसके अलावा आइजी ने फाफामऊ बाजार में सड़क पटरी पर अतिक्रमण भी हटाने के लिए कहा जिसकी वजह से सड़क पर जगह कम होने से रोज जाम का झाम पैदा हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि शनिवार की शाम बसना पुल के नीचे पीडब्लूडी के एनएचआइ खंड के कर्मचारी जेसीबी से मिट्टी की खुदाई कर रहे थे तभी एक पिलर के नीचे की मिट्टी खिसक गई थी। इस वजह से पिलर टेढ़ा हो गया। काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया था। खबर पाकर पहुंची सोरांव और यातायात पुलिस ने पुल के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी थी। प्रतापगढ़ और लखनऊ की ओर से आने वाले वाहनों को फाफामऊ बाजार के रास्ते शहर के लिए भेजा गया। चालकों द्वारा बेतरकीब ढंग से वाहन खड़े करने से जाम लगने लगा।

### प्रयागराज में मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर चोरी

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेम सराय स्थित गोल्डेन मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार नकद व कीमती सामान गायब कर दिया। बुधवार सुबह घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है। सुलेम सराय मोहल्ले में विनय जायसवाल की गोल्डेन मेडिकल स्टोर के नाम से दवा की दुकान है। मंगलवार रात भी विनय रोजाना की तरह मेडिकल स्टोर में ताला लगाकर घर चले गए। बुधवार सुबह दुकान पर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था। भीतर जाकर देखा तो पता चला की कैश बॉक्स में रखे 50 हजार रुपये व कुछ सामान गायब है। थोड़ी देर में वहां तमाम दुकानदार आ गए। सूचना पर धूमनगंज पुलिस भी पहुंच गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया तो चोरों की तस्वीर मिल गई। पुलिस का कहना है कि करीब 15 मिनट तक चोर मेडिकल स्टोर के भीतर थे। जल्द ही सभी को पकड़ लिया जाएगा। उधर घटना से दुकानदारों में रोष व्याप्त है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही से चोरी की घटना हो रही है। पुलिस रात में गश्त करने में लापरवाही करती है। जिसके चलते चोर मौका पाकर वारदात को अंजाम देते हैं।

## पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल अभिमन्यु सिंह को शोक सलामी



हेड कांस्टेबल अभिमन्यु सिंह के पार्थिव शरीर की शोक सलामी देते पुलिस अधिकारी



पार्थिव शरी को कांधा देते पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी व जवान

**प्रयागराज।** घूरपुर इलाके में सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले हेड कांस्टेबल अभिमन्यु सिंह की हादसे में मौत हो गई जिनके पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन में लाया गया जहां डीआईजी एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने अभिमन्यु सिंह को पुष्प अर्पित कर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

## केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में 65वां रेल सप्ताह समारोह का आयोजन

**प्रयागराज।** बुधवार को केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज मुख्यालय में वर्चुअल माध्यम से 65वां रेल सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन वर्तमान में, सम्पूर्ण भारत में 9 परियोजनाओं- अम्बाला, अहमदाबाद, चेन्नई, दानापुर, जयपुर, लखनऊ, न्यू जलपाईगुड़ी एवं बेंगलुरु के माध्यम से भारतीय रेल के समस्त ब्रॉड गेज रूटों को विद्युतीकरण करने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह, द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 अधिकारियों एवं 56 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। ज्ञात हो कि भारत में 16 अप्रैल 1853 को पहली सवारी गाड़ी मुम्बई से थाणे तक के लिए चलाई गई थी, इसी ऐतिहासिक स्मृति में प्रत्येक वर्ष रेल सप्ताह समारोह मनाया जाता है। इस अवसर पर रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित करने के अलावा पिछले वर्ष किये गए कार्यों की समीक्षा की जाती है तथा अगले वर्ष के लिए योजनाएं भी बनाई जाती है। अमूमन यह आयोजन प्रतिवर्ष अप्रैल-मई मे ही किया जाता है, परन्तु इस वर्ष कोविड महामारी के कारण इसके आयोजन में विलम्ब हुआ ।

समारोह के शुभारम्भ में वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक/कोर वी॰के॰ गर्ग, ने



उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत करते महाप्रबंधक

महाप्रबन्धक महोदय को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्अरुण कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सुरेश कुमार, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, डी॰के॰ गुप्ता, प्रमुख वित्त सलाहकार, श्रीमती प्रमिला सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। प्रोजेक्ट यूनिट के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी वीडियो लिंक के माध्यम से समारोह में सम्मलित थे ।

महाप्रबन्धक महोदय ने अपने अभिभाषण में कहा कि वर्ष 2019-20 में कोर को विद्युतीकरण के लिए एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला था जिसे स्वीकार करते हुए कोर ने 2606 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण का लक्ष्य प्राप्त किया। इस दौरान बदौसा-मानिकपुर जैसे महत्वपूर्ण खण्ड का विद्युतीकरण किया गया जिससे प्रयागराज से झाँसी की ओर विद्युतीकृत रूट कि प्राप्ति हुई। चुनार-चोपन खण्ड के विद्युतीकरण से पूर्वी रेलवे को जोड़ने हेतु पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के अतिरिक्त एक विकल्प रूट की भी प्राप्ति हुई। महाप्रबंधक ने यह भी बताया कि वर्तमान वर्ष मे संगठन द्वारा पुराने कीर्तिमान (684 मास्ट) को तोड़ते हुए एक ही दिन मे सर्वाधिक मास्ट इरेक्शन (1506 मास्ट) का नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। साथ ही साथ विद्युतीकरण के इतिहास में पहली बार एक दिन में कुल 138 शॉट (90 ट्रैक किलोमीटर) वायरिंग भी इसी वित्त वर्ष मे की गयी । विश्व में पहली बार संगठन की अहमदाबाद इकाई ने गुजरात राज्य के पालनपुर और बोटाड (270 रूट किलोमीटर) के बीच हाई राइज ओएचई के साथ विद्युतीकरण इस वर्ष किया गया जिससे भारतीय रेलवे में बिजली के इंजन साथ डबल स्टैक कंटेनर का परिचालन संभव हुआ`वर्ष 2020-21 के दौरान कटनी झ सतना जैसे महत्वपूर्ण खंड का विद्युतीकरण किया गया जिससे प्रयागराज से हो कर मुम्बई-हावड़ा के बीच निर्बाध विद्युत कर्षण पर रेल गाड़ियों का परिचालन संभव हुआ है । पुरस्कार वितरण के क्रम में सर्वप्रथम सर्वोत्तम परियोजना शील्ड - दानापुर परियोजना, को दी गई इसके साथ ही दानापुर परियोजना को विद्युत विभाग, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग, भण्डार विभाग तथा इंजीनियरिंग विभाग की भी शील्ड प्रदान की गई । लेखा विभाग की शील्ड, लखनऊ परियोजना को, कार्मिक विभाग की शील्ड, न्यू जलपाईगुड़ी परियोजना को तथा राजभाषा की शील्ड, अहमदाबाद परियोजना को प्रदान की गई। कोविड-19 महामारी के कारण मुख्यालय के अतिरिक्त परियोजनाओं में कार्यरत रेल कर्मियों को पुरस्कार एवं शील्ड वर्चुअल माध्यम से प्रदान किये गए।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## बाहुबली विधायक विजय मिश्र को बड़ा झटका

### जेल बदलने की अर्जी इलाहाबाद हाई कोर्ट से खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के ज्ञानपुर से बाहुबली विधायक विजय मिश्र की आगरा से नैनी सेंट्रल जेल प्रयागराज भेजने की मांग में दाखिल याचिका खारिज कर दी है। याचिका में प्रयागराज या आस-पास के जिले की जेल में शिफ्ट करने की मांग की गयी थी। यह आदेश न्यायमूर्ति बच्चूलाल व न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा की खंडपीठ ने विधायक विजय मिश्र की याचिका पर दिया है। विधायक विजय मिश्र ने आगरा में इलाज की सही सुविधाएं न होने, जेल में कोरोना संक्रमण फैलने, परिवार वालों से मुलाकात न हो पाने और दूरी की वजह से प्रयागराज व भदोही की अदालतों में चल रहे मुकदमों की सुनवाई नहीं हो पाने का सहारा लिया था। लेकिन, कोर्ट ने उसमें हस्तक्षेप करने से इनकार कर



दिया है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट में राज्य सरकार ने कहा कि आगरा में इलाज के पुख्ता इंतजाम है। जेल में अब कोई भी संक्रमित मरीज नहीं है। याची को फोन से परिवार से बातचीत की छूट दी गयी है। मुकदमों की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हो सकती है, ऐसे में भदोही या प्रयागराज जाने की कोई जरूरत नहीं है। राज्य सरकार के कड़ी आपत्ति के बाद याची के वकील ने याचिका वापस लेने की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट ने याचिका खारिज दी है। विधायक विजय मिश्र के खिलाफ करीब 70 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें एक रिश्तेदार की जमीन हड़पने और गायिका से यौन शोषण समेत कई मामले शामिल हैं। अगस्त 2020 में गिरफ्तार करने के बाद उन्हें आगरा जेल में रखा गया है।

### छात्रवृत्ति के लिए 5 फरवरी तक आवेदन करें मेधावी

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की 2020 इंटरमीडिएट परीक्षा विज्ञान, वाणिज्य व कला वर्ग में क्रमशः 334, 313 व 304 अंक से पास होने वाले मेधावी 10 हजार रुपये सालाना छात्रवृत्ति के लिए 5 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। शिक्षा मंत्रालय ने आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर से बढ़ाकर 5 फरवरी कर दी है। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि यूपी बोर्ड के विज्ञान, वाणिज्य और कला वर्ग के 11460 मेधावियों को 3:2:1 अनुपात में केंद्र सरकार से छात्रवृत्ति दी जाती है। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सालाना पारिवारिक आय आठ लाख रुपये से कम है और जिन्होंने किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान के नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है, वे यह छात्रवृत्ति पाने के योग्य हैं। आवेदन वेबसाइट www.scholrships.gov.in पर किए जा सकते हैं। पूर्व के वर्षों 2016, 2017, 2018 व 2019 में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं अपनी छात्रवृत्ति नवीनीकरण के लिए इस वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें।

## हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो मेला में जुट रही लोगों की भीड़

**प्रयागराज।** हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट मेला में हाथ से बनी वस्तुओं को लेने के लिए लोगों की अच्छी खासी भीड़ जुट रही है। हाथ से निर्मित वस्तुओं लोगों को खूब भा रहे हैं। प्रयागराज के केपी ग्राउंड मेडिकल चौराहे के पास इलाहाबाद हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो मेला में देश के विभिन्न प्रांतों के हस्तशिल्प कलाकारों ने अपने हाथों की वस्तुएं बना कर बेच रहे हैं। सामान खरीदने के साथ-साथ कलाकारों की भी प्रशंसा लोग खूब कर रहे हैं। मेला के आयोजक अनूप श्रीवास्तव, नफीस मलिक ने बताया कि यह मेला 1 जनवरी से 20 जनवरी तक रहेगा। मेला लगाने का मुख्य उद्देश्य है भारत के शिल्पकारो को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके उत्पादों का बिक्री कराना। यह हस्तशिल्प मेला जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन प्रयागराज के सौजन्य से लगाया गया है। मेला सुबह के 11:00 बजे से रात्रि के 9:00 बजे तक लगा रहता है। उद्घाटन के अगले दिन से ही लोगों की अच्छी खासी भीड़ मेला में जुट रही है।

## तेजस्वी शर्मा आधी आबादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोनीत

**प्रयागराज।** आधी आबादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने वर्षा ऋतु श्रेष्ठ को प्रयागराज का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर तेजस्वी शर्मा को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणा सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष वर्षा ऋतु श्रेष्ठ ने बधाई दी है। उनके पश्चात वर्षा ऋतु श्रेष्ठ ने कहा है कि 15 दिन के अंदर जिला कमेटी गठित कर पार्टी को समक्ष प्रस्तुत करूंगा तथा ईमानदारी से संगठन को मजबूत करूंगा।

## मेला क्षेत्र में बनाए जा रहे कोविड और महिला हेल्प डेस्क

**प्रयागराज।** इस बार माघ मेले में भी कोविड और महिला हेल्प डेस्क होगी। कोरोना संक्रमण से बचाव और महिला श्रद्धालुओं की शिकायत व समस्या का जल्द निराकरण के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। अभी तक जिले के पुलिस थानों पर कोविड हेल्प डेस्क और महिला हेल्प डेस्क बनाई गई थी, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अब मेला क्षेत्र में ऐसी ही कार्योजना अमल में लाई जा रही है।

स्नानार्थियों की सुरक्षा व सेवा के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 13 अस्थायी पुलिस थाने बनाए जा रहे हैं। अधिकांश का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। अब इन्हीं थानों पर कोविड और महिला हेल्प डेस्क बनाई जाएगी, ताकि थाने पर आने वाले फरियादियों को सहूलियत मिल सके। कोविड हेल्प डेस्क में महिला व पुरुष पुलिसर्किमयों की ड्यूटी 24 घंटे रहेगी। उनके पास तापमान नापने के लिए थर्मल स्कैनर, सैनिटाइजर, मॉस्क और कोरोना से बचाव के लिए दूसरे इंतजाम रहेंगे। इससे थाने पर आने वाले श्रद्धालु का तापमान नापकर उसके संक्रमित होने के बारे में जानकारी मिल सकेगी। महिला हेल्प डेस्क पर भी तीन शिफ्ट में 24 घंटे महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

मेला में भी कोविड और महिला हेल्प डेस्क बनाने का निर्णय लिया गया है। इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। स्नान पर्व से पहले सभी थानों पर हेल्प डेस्क बनकर तैयार हो जाएगा, जिससे स्नानार्थियों को सहूलियत होगी।

**- आशुतोष मिश्रा, नोडल अधिकारी मेला।**

### माघ मेला के सभी थानों में होगी नाइट चेकिंग

माघ मेला में बनाए गए सभी 12 थानों में नाइट चेकिंग की जाएगी। इसके लिए प्रभारियों की नियुक्त कर दी गई है। मेला क्षेत्र के सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक साजिद अली को बनाया गया है। वहीं, निरीक्षक योगेंद्र प्रताप सिंह को परेड, श्रीप्रकाश सिंह को कोतवाली, उदयवीर सिंह को महावीर जी, निशिकांत राय को अक्षयवट, रवींद्र कुमार सिंह को संगम, राघेश्याम सिंह को अरैल थाने में चेकिंग करेंगे। कृष्ण मोहन पांडेय को प्राचीन गंगा, जय कुमार पांडेय को खाक चौक, राजेश सिंह को झूंसी, कमला प्रसाद सिंह को कल्पवासी, अजीत प्रताप सिंह को प्रयागवाल थाने में रात्रि चेकिंग को पहुंचेंगे। महिला थाने में चेकिंग की जिम्मेदारी गीता देवी को दी गई है। ये इंस्पेक्टर और दारोगा इन थानों पर तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों को देखेंगे कि वे ड्यूटी पर तैनात हैं या नहीं। वहां रखे रजिस्टर पर इसे दर्ज भी करना होगा।

## संक्षेप समाचार

### ग्राम पंचायत के पुनर्गठन की मांग

**प्रतापगढ़।** सदर ब्लाक के चैखड़ गांव के लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर ग्राम पंचायत पुनर्गठन अथवा परिसीमन अपरिहार्य करने की मांग की है। बुधवार को चैखड़ गांव के अजय मिश्र,महावीर पाल,विनोद सिंह,हरिकेश,अखिलेश, ललित आदि ग्रामीण डीएम कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों की मांग है पूरे केशवराय गांव नगर पालिका में सम्मलित ही गया है जबकि चैखड़ गांव को बाहर रखा है। पूरे माधव सिंह गांव में चैखड़ गांव को परिसीमन किये जाने की मांग की गई है।

### गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना पुलिस द्वारा तीरथ पासी पुत्र बिहारी निवासी गौसपुर कटुहला थाना पिपरी जनपद को गिरफ्तार किया गया है पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 1किलो 600 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया है गांजा बरामद होने पर पिपरी थाना पुलिस ने मुअसं0 08/21 धारा 8/20 ठ्उद्धर अूइ पंजीकृत कर गांजा तस्कर को न्यायालय भेज दिया ।

# पत्नी के आशिक की युवक ने की हत्या

## हमलावर को कोखराज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भरवारी, कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि एक युवक की ईट पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गई थी रात भर पुलिस इस हत्याकांड के खुलासे को लेकर परेशान रही आधी रात को पुलिस ने आरोपी हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है पकड़े गए युवक ने हत्या का जुर्म कबूल कर लिया और उसने बताया कि मृतक युवक उसकी पत्नी का प्रेमी था और दोनों के बीच अवैध शारीरिक संबंध थे वह इस बात को वह बर्दाश्त नहीं कर सका और पत्नी के प्रेमी ट्रक चालक की हत्या कर दी पकड़े गए युवक को लिखा पढ़ी करने के बाद कोखराज पुलिस ने जेल भेज दिया है





हत्या के बाद घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़ व पुलिस हिरासत में हमलावर।

घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के चमरू पुर गांव निवासी वसीम अहमद पुत्र नसीम अहमद ट्रक चालक है और वह मंगलवार की शाम घर से निकले थे इसी थाना क्षेत्र के चमरूपुर गांव के नयनतारा तालाब के पास ईट पत्थर से कूच कर उनकी हत्या कर दी गई हत्या की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची थी और ट्रक चालक वसीम अहमद की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था लाश को पोस्टमार्टम भेजने के बाद पुलिस इस हत्याकांड के खुलासे के प्रयास में लग गई पुलिस को सूचना मिली कि अवैध संबंधों के चलते ट्रक चालक वसीम अहमद की हत्या तो नहीं की गई है पुलिस ने सूचना पर भरोसा कर जांच की दिशा बढ़ाई परिजनों की सूचना और ग्रामीणों की बातों के आधार पर पुलिस ने अब्दुल पुत्र वाजिद अली निवासी चमरूपुर को हिरासत में लेकर जब पूछताछ शुरू किया तो उसने हत्या किए जाने की बात कबूल कर ली है। पकड़े गए आरोपी के मुताबिक उसकी पत्नी से मृतक ट्रक चालक वसीम के अवैध शारीरिक संबंध थे इस बात को अब्दुल सहन नहीं कर सका उसने कई बार ट्रक चालक वसीम को अवैध संबंध से दूर हट जाने को कहा लेकिन ट्रक चालक वसीम आरोपी अब्दुल की पत्नी का दीवाना था जिस से बौखलाए आरोपी अब्दुल ने वसीम की ईट पत्थर से कूच कर हत्या कर दी पुलिस ने घटना का खुलासा 16 घंटे के भीतर कर दिया है आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया है।

# सेक्रेट्री व उसके गुर्गों ने की मारपीट एसपी से न्याय की गुहार

**पीड़ित ने पुलिस कप्तान से कहा साहब मुझे नहीं पता था आरटीआई से सूचना मांगने पर मिलती है मारपीट**

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के भगवानपुर बहुंगरा गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र स्व. तुलाराम ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर बताया कि गांव में हुए विकास कार्य की उसके द्वारा जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगी थी। सूचना तो उसे नहीं दी गई लेकिन उसके एवज मे सेक्रेट्री द्वारा सूचना देने के नाम पर बुलाकर कमरे में अपने साथियों के साथ मारपीट जरूर की गई। जान बचाकर भागने पर उसे बाहर भी दौड़ा कर मारा पीटा गया। भुक्तभोगी इसकी लिखित तहरीर सरायअकिल थाना पुलिस को दिया लेकिन आज दिन तक पुलिस ने मामले में केश दर्ज कर जांच करना उचित नहीं समझा। शिकायतकर्ता अशोक कुमार ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन के शौचालय की सूची में उसका व उसके भाई का नाम था। उसे लगा कि मुझे शौचालय का लाभ मिलेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भुक्तभोगी जब इसकी जानकारी ग्राम प्रधान से हासिल किया तो बताया गया कि जो सूची तुम्हारे पास है वह गलत है। इसके चलते अशोक कुमार ने गांव में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी 12 अक्टूबर 2020 को आरटीआई के माध्यम से मांगी। भुक्तभोगी के अनुसार दो माह बाद 12 दिसम्बर 2020 को ग्राम प्रधान हरिहर नाथ के कहने पर ग्राम विकास अधिकारी विनय सिंह ने उसे ब्लाक बुलाया। ब्लाक में ही एक कमरे में उसे बैठा दिया गया। ग्राम विकास अधिकारी के साथ तीन चार लोग मौजूद भुक्तभोगी को मारना पीटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं आरटीआई की सूचना लेने के लिए भुक्तभोगी जो 7000 की धनराशि लिए था उसे भी छीन लिया गया। भुक्तभोगी इसकी शिकायत थाना पहुंचकर किया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गयी। थाना पुलिस से न्याय न मिलने पर भुक्तभोगी अशोक कुमार पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसपी को लिखित शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई। हालांकि एसपी अभिनंदन ने जांच कराकर कार्यवाही कराये जाने का आश्वासन दिए हैं।

# ट्रक की टक्कर से अधेड़ की मौत

## अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस



घटना के बाद लोगों की जमा भीड़

**सगरासुन्दरपुर।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। बुधवार को लालगंज कोतवाली के कोठार मंगोलपुर का राजेश कुमार मौर्या 40 अपनी बाइक से सुबह साढे आठ बजे सगरासुंदरपुर बाजार के लिए निकला था। इस बीच ओरी का पुरवा सगरा मोड़ पर पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही तीव्र गति की एक ट्रक ने अधेड को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे अधेड़ राजेश मौर्या की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना होते ही घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गयी। मृतक राजेश गाजियाबाद मे एक निजी कंपनी मे कारोबार किया करता था। लॉकडाउन मे वह इधर गांव आया था। मृतक के दो पुत्र अमित 22 तथा सुमित 18 है। पत्नी गीता का रो - रो कर बुराहाल देखा गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर मृतक के पुत्र अमित की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने गैरइरादतन हत्या तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। राजेश की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। घटना मे प्रयुक्त ट्रक को पुलिस ने कब्जे मे ले लिया है। वहीं चालक फरार बताया जाता है।

# क्षय रोगी खोज अभियान के दौरान 39 टी0वी0 के नये मरीज पाये गये

**प्रतापगढ़।** जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 सीपी शर्मा ने बताया है कि जनपद में टीबी हारेगा, देश जीतेगा अभियान के अन्तर्गत सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा है जिसमें समस्त ब्लाकों में टीम घर-घर जाकर टीबी के लक्षणों से अवगत कराते हुये रोगियों की खोज करने के साथ-साथ उनके ईलाज का कार्य किया जा रहा है, यह अभियान दिनांक 12 जनवरी तक चलाया जायेगा। क्षय रोगी खोज अभियान के दौरान हर व्यक्ति को टीबी के सम्पूर्ण लक्षणों एवं उन्हें सरकारी स्तर से दी जाने वाली समस्त निःशुल्क सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होने बताया है कि क्षय रोगी खोज अभियान के दौरान टीमों द्वारा अब तक कुल 200210 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गयी जिसमें टीवी के 870 संदिग्ध मरीजों की जांच की गयी जिसमें 39 टीबी के नये मरीज मिले जिन्हें ईलाज हेतु दवायें उपलब्ध करायी गयी।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**जेठवारा,प्रतापगढ।** ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल पीआरडी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।इसके लिए पर्याप्त धन भी उपलब्ध कराया जाता है।लेकिन इस आयोजन के जिम्मेदार लोग बजट की बन्दर बांट के लिए प्रतियोगिता की सिर्फ औपचारिकता पूरी करते है। बुधवार को बिना किसी प्रचार प्रसार के अचानक कटरा गुलाब सिंह के अमर जनता इंटर कॉलेज के मैदान में खण्ड स्तरीय खुली ग्रामीण पुरुष महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के लोगों की मिलीभगत से कुछ कालेजों के बच्चों की फर्जी टीमें बनाकर प्रतियोगिता कराई गयी और पुरस्कार व प्रमाणपत्र ले लिया गया। इससे क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अवसर से वंचित होना पड़ा। इस प्रतियोगिता में गॉव के ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच उपलब्ध कराया जाता है जिन्हें कभी अवसर नही मिलता है।आरोप है कि खेलकूद प्रतियोगिता के नाम पर आवंटित बजट को हजम करने के लिए जिम्मेदार लोग बड़ा खेल करते हुए ग्रामीण युवाओं के हक पर सरेआम डाका डाल रहे हैं।शासन के जिम्मेदार लोगों के लिए यह जांच का विषय होना चाहिए।



ब्लाक स्तरीय खेल-कूछ प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी

# ब्लॉक कमेटी आसपुर देवसरा का हुआ विस्तार

**प्रतापगढ़।** मिशन 2022 के तहत लगातार हो रहा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी का विस्तारद्यरविवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने मिशन 2022 के तहत पट्टी विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कमेटी आसपुर देवसरा का विस्तार करते हुए एक दर्जन से अधिक युवाओं को विभिन्न पदों पर मनोनीत किया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष माननीय विनोद सरोज एवं जिला अध्यक्ष रामअचल वर्मा की सहमति एवं संस्तुति पर आज रविवार को पार्टी का विस्तार करते हुए ब्लॉक कमेटी आसपुर देवसरा में प्रदीप पाठक उर्फ सोनू को प्रधान महासचिव, हरिकेश यादव एवं धनंजय अग्रहरि को महासचिव, सर्वेश उपाध्याय एवं जगदीश यादव को उपाध्यक्ष, राघवेंद्र पांडे, सचिन पाठक एवं प्रथमेश विश्वकर्मा को सचिव, शुभम मिश्रा उपसचिव, सचिन उपाध्याय एवं विनय उपाध्याय को कार्यकारिणी सदस्य के पद पर मनोनीत किया गया।



लच्छीपुर न्याय पंचायत में कांग्रेस की संगठन सृजन अभियान की बैठक करते

# लच्छीपुर न्याय पंचायत में कांग्रेस की संगठन सृजन अभियान की बैठक संपन्न

**रानीगंज।** न्याय पंचायत लच्छीपुर मैं कांग्रेसके ब्लॉक अध्यक्ष सोनू पांडे के नेतृत्व में संगठन सृजन की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा मौजूद रहे। महासचिव विमल सिंह, विधानसभा प्रभारी दिनेश मिश्र ,सचिव संतोष शर्मा ,मनोज पांडे आदि लोग भी मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से मोहम्मद अकबर को न्याय पंचायत अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# नीलम असहाय सेवा संथान द्वारा आयोजित कैम्प में 309 मरीजों का किया गया नेत्र परीक्षण

**115 मरीजों को निशुल्क आपरेशन के लिए चिन्हित कर भेजा गया अस्पताल**

**प्रतापगढ़।** लालगंज के फायर स्टेशन के बगल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया । नीलम अससहाय सेवा संस्थान के तत्वाधान मे आयोजित आंख के कैम्प मे 309 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया और 115 मरीजों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया साथ ही सामान्य रुप से दिखाने आए मरीजों को निशुल्क दवाएं व चश्मा वितरित किया गया । कुशल एंव योग्य नेत्र विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा हरिकेश विश्वकर्मा ने बताया कि आंख मनुष्य के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। लोगों के जीवन मे रंग भरने व उनका स्नेह तथा आशिर्वाद प्राप्त करने के उद्देश्य से नीलम असहाय सेवा संस्थान के द्वारा माह के प्रत्येक छह तारीख को कैम्प का आयोजन किया जाता है । इस दौरान संस्थान के हरिकिशन दीवाना, अवधेश सिंह, उपाध्यक्ष शानू विश्वकर्मा, महासचिव राजकुमार द्विवेदी एडवोकेट, श्याम अनुज, शिव वर्मा, श्याम अनुज, रामबरन, अरुण प्रताप उर्फ सोनू ,संतोष वर्मा, अस्मिता राय, सूर्य कली, उषा देवी, वंदना वर्मा, शिवम, शिव बहादुर वर्मा, शिव कुमारी संस्थान के समस्त सदस्य एंव पदाधिकारी मौजूद रहे जिन्होने शासनादेश एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत कार्यक्रम मे सहभागी बन मरीजों का यथासंभव सहयोग किया।



आयोजित कैम्प में नेत्र परीक्षण करता चिकित्सक

# गरीबों की सेवा ही असली सेवा : देशराज

**प्रतापगढ़।** गरीबों की सेवा ही असली सेवा है आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में से समय निकाल कर जो भी परोपकार कर सकें वही जिंदगी है यह बातें संडवाचंडिका प्रमुख प्रतिनिधि देशराज सिंह ने रविवार को तारापुर गांव में कंबल बितरण में कही । यहां बिकलांग, विधवा गांव के असहायों समेत सैकड़ों लोगों को कंबल वितरण किया गया ।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद देशराज सिंह ने कहा कि गरीबों असहायों व जरुरत मंद लोगो की सेवा में जो भी सहयोग की जरूरत होगी हम सब साथ मिलकर सहयोग करेंगे । कार्यक्रम के संयोजक पूर्व प्रधान बिमलेश सिंह ने कहा गांव के बिकास में जातिवाद को दूर रखना होगा ।इस मौके पर लाल बृजेश प्रताप सिंह , दिनेश सिंह , समेत लोग मौजूद रहे ।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया औचक निरीक्षण

**कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाये बेहतर : डीएम**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने आज कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक ढंग से नही पायी, परिसर में वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े थे तथा कलेक्ट्रेट गेट के पास बने शौचालय में भी सफाई की व्यवस्था ठीक नही थी जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और प्रभारी कलेक्ट्रेट (नाजिर) को निर्देशित किया कि कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई, शौचालय की सफाई एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से करायी जाये और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

## वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कौशाम्बी।** प्राणघातक हमला लूट सहित विभिन्न गंभीर मामलों में वांछित चल रहे एक अभियुक्त की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी लेकिन गंभीर अपराध के बाद आरोपी थाना क्षेत्र से फरार था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वांछित अभियुक्त दिलीप यादव पुत्र रामधीरज यादव निवासी महगांव थाना पूरामुफ्ती को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# निवर्तमान प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में किया शिकायत

**कौशाम्बी।** भगवानपुर बहुंगरा ग्राम सभा का है।ग्राम सभा के दर्जनों लोगों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस चायल में प्रधान के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है।जिसमे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निवर्तमान ग्राम प्रधान द्वारा बिना कोई अधिकार के सरकारी आवास व विकाश कार्य नाली, खड़ंजा की पैमाइस कार्य कराया जा रहा है।जो असंवैधानिक तथा गलत है।जबकि प्रधान का कार्यकाल 25 दिसंबर 2020 को समाप्त हो चुका है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 38 आवास ग्राम सभा मे आय जिसमे 28 अनु0 जाति,05 पिछड़ी जाति ,05 सामान्य के लिये था।जिसमे निवर्तमान प्रधान द्वारा 28 में से 11 एक ही वर्ग के अपने चहेतों को दिया गया।और 05 सामान्य वर्ग के अपने चहेतों को दिया गया जो आपत्र है।पिछड़ी 05 में से 04 आवास एक ही वर्ग को सुविधा शुल्क लेकर दिया गया।जिसमें सरकारी अकास की आस लगाय अनेक गरीबो को आवास का लाभ नही मिल पाया है।

### ब्लॉक कर्मी पर भी ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**कौशाम्बी।** ग्रामीणों ने नेवादा ब्लाक कर्मी पर भी आरोप लगाया और कहा कि ग्राम प्रधान के रिश्तेदार होने के कारण बाबू प्रधान के सभी गलत कार्य को पास करदेता है। क्या ग्रामीणों की शिकायत पर अधिकारी ध्यान देंगे अगर अधिकारियो की नजर तिरछी हुई तो प्रधान पर गाज गिरना तय है।

# निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता की जांच करने के डीएम ने दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में शासन द्वारा निर्देशित निर्माण कार्यो की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि सार्वजनिक भवनों के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नही होगी। साथ ही साथ एफआईआर भी दर्ज होगी। उन्होने कहा कि उपलब्ध धन के सापेक्ष निर्माण कार्यों की प्रगति गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं समयबद्धता के साथ ही पूर्ण करायें। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को सरकारी भवनों, निजी स्कूल तथा कालेजों का निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता की जॉच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी सरकारी भवन, स्कूल या कालेज जर्जर अवस्था में पाया जाता है तो उसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तत्काल पूर्ण करायें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंताओं को निरन्तर भ्रमणशील रहकर सरकारी भवनों के हो रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में यदि किसी भी प्रकार की कमी पायी जाती है तो संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंताओं के विरूद्ध एफआईआर दर्ज होगी। जिलाधिकारी ने मंझनपुर में पैक्सफेड के द्वारा बनाये जा रहे बस डिपो के निर्माण कार्य की प्रगति की भी जानकारी ली तथा कार्य में तेजी लाते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होने बस डिपो भरवारी, सैनिक कल्याण, सीएचसी करारी, कस्तूरबा गांधी आवासीय, अग्निशमन केन्द्र, स्टेडियम, कान्हा गौशालाओं एवं प्रशासनिक भवनों सहित अन्य भवनों के निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है।



बैठक करते जिलाधिकारी



निर्माण कार्यों का जायजा लेते डीएम

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखने पहुंचे डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह बुधवार को मंझनपुर थाना में प्रशासनिक भवन, एसपी कार्यालय में क्राइम ब्रांच भवन, एआरटीओ कार्यालय में फिटनेस किट भवन, बाटमाप कार्यालय एवं जिला व सत्र न्यायालय परिसर में हो रहे आवास के निर्माण कार्य को देखा। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता को दिया है। उन्होने कहा कि निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यो में मटेरियल की गुणवत्ता उच्च कोटि की हो, इसमें किसी भी प्रकार की कमी न पायी जाये,।